Seat No. : _______________

TI-104

B.A. Sem.-I
May-2013

Hindi (EC-I-103)

(समकालीन हिन्दी कविता)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. 650 से 700 शब्दों में उत्तर दीजिए :

(अ) 'विषवृक्ष और तुम' कविता में निरूपित वर्गीय चेतना को स्पष्ट कीजिए । **7**

अथवा

'नज़र ये किसकी लगी' ग़ज़ल में व्यक्त कवि की पीड़ा को उद्घाटित कीजिए ।

(आ) "नींव की ईंट हो तुम दीदी" कविता में नारी जीवन की कठिनाइयों का सहज आत्मीयता से उद्घाटन किया गया है ।" – सिद्ध कीजिए । **7**

अथवा

'तानाशाह की खोज' में कवि ने राजनीतिक विसंगतियों पर दृष्टिपात किया है – समझाइए ।

2. 650 से 700 शब्दों में उत्तर दीजिए :

(क) 'हो गई है पीर पर्वत-सी' ग़ज़ल में व्यक्त कवि के आक्रोश को रेखांकित कीजिए । **7**

अथवा

'इस नदी की धार में' ग़ज़ल में कवि का आशावादी स्वर प्रकट हुआ है – सिद्ध कीजिए ।

(ख) 'बीस साल बाद' कविता का कथ्य अपने शब्दों में लिखिए । **7**

अथवा

'लोहे का स्वाद' कविता का आस्वादमूलक परिचय कराइए ।

3. 300 से 400 शब्दों में उत्तर दीजिए :

(i) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) 'सही सड़क की तलाश में' का भावार्थ **4**

अथवा

'बसुला हमें दे दो' में क्रान्ति का स्वर

(आ) 'तिब्बत' कविता में राष्ट्रीय भावना **4**

अथवा

'मालिक, आप नाहक नाराज हैं' कविता का भाव

(ii) संदर्भ सहित समझाइए :

(क) "यहाँ तो सिर्फ़ गूँगे और बहरे लोग बसते हैं, **4**
खुदा जाने यहाँ पर किस तरह जलसा हुआ होगा ।"

अथवा

"कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए,
कहाँ चिराग़ मयस्सर नहीं शहर के लिए ।"

(ख) "ऐसी क्या हड़बड़ी कि जल्दी में पत्नी को **4**
चूमना –
देखो, फिर भूल गया ।"

अथवा

"अगर सही तर्क नहीं है
तो रामनामी बेचकर या रण्डियों की
दलाली करके रोज़ी कमाने में
कोई फर्क नहीं है ।"

4. **एक या दो** वाक्यों में उत्तर दीजिए : **12**

(i) उदय प्रकाश की काव्य यात्रा कहाँ से आरंभ होकर कहाँ समाप्त हुई ?
(ii) धूमिल का पूरा नाम क्या है ?
(iii) सुल्तान अहमद के कितने और कौन-कौन से कविता संग्रह प्रकाशित हुए हैं ?
(iv) दुष्यंत कुमार का साहित्यक योगदान बताइए ।
(v) 'वो आग फेंक गये तुम मकान पर मेरे' के बाद की पंक्ति लिखिए ।
(vi) कुछ नहीं सोचने और कुछ नहीं बोलने पर आदमी का क्या होता है ?

5. सूचनानुसार कीजिए : **5**

(क) सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) दुष्यन्त कुमार के काव्य नाटक का नाम क्या है ?
(क) मन के कोण (ख) एक कंठ विषपायी
(ग) मसीहा मर गया (घ) डर लगता है

(ii) उदय प्रकाश का साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कहानी संग्रह कौन सा है ?
(क) पॉल गोमरा का स्कूटर (ख) दरियाई घोड़ा
(ग) मोहनदास (घ) तिरिछ

(iii) धूमिल के जन्मस्थान का नाम बताइए ।
(क) अहमदाबाद (ख) राजपुर नवादा
(ग) सीतापुर (घ) खेवली

(iv) सुल्तान अहमद कविताएँ और ग़ज़ल किस भाषा में लिखते हैं ?
(क) अंग्रेजी (ख) हिन्दी
(ग) गुजराती (घ) उर्दू

(v) सुरजा और किसनिया किस कविता के पात्र हैं ?
(क) मालिक आप नाहक नाराज़ हैं (ख) दो हाथियों की लड़ाई
(ग) मरना (घ) नीव की ईंट हो तुम दीदी

(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । **5**

(i) 'मेरे घर में पाँच जोड़ी आँखें हैं ।' के द्वारा ______ लोगों का पता चलता है ।

(ii) सिर्फ़ हंगामा खड़ा करना मेरा ______ नहीं ।

(iii) सही सड़क की तलाश में पाँव ______ बन जाते हैं ।

(iv) दुष्यन्त कुमार का मूल नाम ______ है ।

(v) उदय प्रकाश की भारतभूषण अग्रवाल पुरस्कार से सम्मानित कविता ______ है ।

(ग) सही जोड़े मिलाइए । **4**

(अ)	**(आ)**
(i) कल सुनना मुझे	(i) उदय प्रकाश
(ii) मसीहा मर गया	(ii) धूमिल
(iii) नदी की चीख़	(iii) दुष्यंत कुमार
(iv) और अंत में प्रार्थना	(iv) सुल्तान अहमद